तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 19 नवंबर 2024



12 प्रतिभा पब्लिक में धूमधाम से मनाया बाल दिवस ...





12 शिक्षक रामप्रसाद को मिला कर्मवीर शिक्षक सम्मान






## खबर संक्षेप

### खेत से नांगर चोरी

**महासमुंद।** खेत से ट्रैक्टर नांगर चोरी के मामले में बलौदा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थी संन्यासी थनापति पिता चतुर्भुज थनापति (33 वर्ष) डूमरपाली ने बताया कि ग्राम टेमरी के देवेंद्र नायक का ट्रैक्टर ड्रायवरी का काम करता हूं। विगत दो माह पहले देवेंद्र नायक के द्विमहानी खेत ग्राम पलसापाली में जोताई करने के बाद ट्रैक्टर में लगे पुरानी इस्तेमाली लोहे का नांगर कीमत लगभग 9000 रुपए को उतार कर खेत में ही रख दिया था। जिसे 16 नवंबर की सुबह देखने खेत गया तो देखा वहां नांगर नहीं था, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### युवक के कब्जे से कच्ची शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने लमकेनी डबरी के पास से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि बरगद पेड़ के नीचे बांधा जाने का रास्ता में आरोपी लोमेश चौहान पिता पीला बाबू चौहान (32 वर्ष) निवासी रेवा हाल मुकाम लमकेनी के कब्जे से हाथ भठ्ठी कच्ची महुआ शराब प्रत्येक झिल्ली में 200-200 एमएल भरी कुल 2600 एमएल कीमत 560 रुपए, एक लाल रंग की टीवीएस स्टार सिटी प्लस मोटर सायकल कीमत 60000 रुपए, कीमत 60560 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### धारदार हथियार लेकर लोगों को डरा रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाले युवक पर खल्लारी पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि खल्लारी माता मंदिर के पास नीचे रोड ग्राम खल्लारी में एक व्यक्ति लोहे की धारदार कत्तलनुमा हथियार लहरा रहा है, जिससे आने जाने वाले लोग भयभीत हो रहे हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी संजय ध्रुव पिता साधुराम ध्रुव (19 वर्ष) निवासी संतोषी नगर भीमखोज कब्जे से हथियार जब्त किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



### लंबर में 700 बारदाना अवैध धान जब्त

**महासमुंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले में 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने के पश्चात से जिले में अवैध रूप से धान का परिवहन और भंडारण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बसना विकासखंड के ग्राम लंबर में एसडीएम मनोज खांडे के नेतृत्व में मंडी सचिव बसना और राजस्व की संयुक्त टीम ने अवैद्य धान भंडारण के खिलाफ कार्रवाई की। अधिकारियों को अवैध धान संग्रहण की सूचना मिल रही थी, जिसके आधार पर छापेमारी की गई। ग्राम लंबर के व्यापारी दिनेश चौरसिया के यहां से बगैर दस्तावेज के लगभग 700 प्लास्टिक बारदाना रबी फसल धान जब्त किया है। यह कार्रवाई मंडी अधिनियम के तहत की गई है। जब्त किया गया धान व्यापारी के सुपुर्द में दिया गया है। वहीं जिले की सीमा सटे दूसरे राज्यों व जिलों की सीमा पर भी प्रशासन द्वारा निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती इलाकों में चेकपोस्ट लगाए गए, जहां प्रशासन ने कर्मचारियों की तैनाती की है। ये लगातार निगरानी कर रहे है।

## स्वास्थ्य : बढ़ते ठंड में बच्चों और बुजुर्गों की सेहत को लेकर अलर्ट रहने की जरूरत

# बदलते मौसम व ठंड से बढ़ी निमोनिया के संक्रमण की गंभीरता, विंटर फीवर के मरीजों में भी इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में बदलता मौसम व ठंड निमोनिया के संक्रमण की गंभीरता को बढ़ा सकता है। इन दिनों मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल सहित जिले के सभी प्राथमिक तथा सामुदायिक चिकित्सालयों में मरीजों की संख्या में एकाएक इजाफा हुआ है। शहर में लगभग हर घरों में कोई ना कोई वायरल इंफेक्शन से जूझ रहा है। सहित आसपास के क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से अचानक मौसम में बदलाव से जहां दिन में सूर्य की गर्मी से लोग परेशान हैं तो सुबह कोहरा तथा रात में ठंड लोगों को परेशान कर रही।

विशेषज्ञ चिकित्सकों की मानें तो शिशुओं की विशेष देखभाल जरूरी है। आमतौर पर निमोनिया का संक्रमण दो से पांच साल के बच्चों को जल्दी अपनी चपेट में लेता है, लेकिन कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता, बुजुर्ग व वयस्क भी इससे ग्रसित हो सकते हैं। जिसे लेकर बढ़ते ठंड में बच्चों और बुजुर्गों की सेहत को लेकर अलर्ट रहने की जरूरत है। सबसे अधिक छोटे बच्चों के निमोनिया से पीड़ित



होने की संभावना अधिक होती है। ऐसे में अलर्ट रहना जरूरी है।

यह सांस से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है, यदि समय रहते उपचार नहीं किया जाए तो स्थिति गंभीर हो सकती है। न्यूमोनिया एक संक्रामक बीमारी है। चिकित्सकों का कहना है कि सर्दियों में बच्चों की साफ- सफाई का सबसे ज्यादा ख्याल रखें। बच्चों को हाथ धोने की आदत डालें। सर्दियों में बच्चों के कपड़ों की साफ-सफाई का भी ख्याल रखें। बच्चों को नहलाएं और हफ्ते में एक बार सिर जरूर धोएं। सर्दियों में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए बच्चों को खट्टे फल और सब्जियां खाने को दें। बच्चों के आहार में मेवे को भी जरूर शामिल करें। बादाम और अखरोट खाने से इम्यूनिटी मजबूत होती है। ठंड की वजह से बच्चे कम पानी पीते हैं ऐसे में बच्चों में तरल पदार्थ की मात्रा बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। सर्दियों में आप बच्चों को सूप, जूस और गर्म पानी पीने के लिए दें। सुबह सबसे पहले बच्चे को गर्म पानी पीने के लिए दें इससे पेट अच्छा रहता है।

### ठंड बढ़ते ही अस्पतालों में बड़ी भीड़

ठंड बढ़ने के साथ ही अब शहर सहित अंचल में विंटर फीवर वायरल इन्फेक्शन के मरीजों में इजाफा होने लगा है। फलस्वरूप शासकीय अस्पतालों, निजी अस्पतालों में ओपीडी बढ़ गई है। अंचल में वायरल इंफेक्शन कहर बरपा रहा है। फलस्वरूप लोग बुखार, सर्दी, खांसी, शरीर में दर्द से पीड़ित हो रहे हैं।

### लिफ्ट देने के बहाने अज्ञात ने महिला का मंगलसूत्र छीना

**महासमुंद।** पैदल अपने गांव जा रही महिला को लिफ्ट देने के बहाने एक स्कूटी सवार मंगलसूत्र छीन कर भाग निकला। मामले में प्रार्थिया ने खल्लारी थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि खतीजा खान पति अब्दुल लतीफ निवासी खल्लारी 17 नवंबर को अपनी बेटी के घर महासमुंद से भीमखोज लोकल ट्रेन से आई और रेलवे स्टेशन भीमखोज से अपने घर खल्लारी पैदल जा रही थी। खल्लारी चौक मोड़ के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने बागबाहरा जाने का रास्ता पूछा, जिसे प्रार्थिया ने बागबाहरा जाने का रास्ता बताया और पैदल अपने घर चली गई। घर में 10-15 मिनट रूकने के बाद वह अपने मायके घर ग्राम सोरम पैदल जा रही थी। तभी रास्ते में खल्लारी से पाली रोड विजय बंजारे के फार्म हाउस के पास वहीं अज्ञात व्यक्ति स्कूटी से आकर रूका और कहां जाना है पूछा। तब प्रार्थिया ने सोरम जाने की बात कही। इस पर अज्ञात व्यक्ति ने कहा कि वह भी खट्टा जा रहा है, और आगे आगे ग्राम पाली तक छोड़ने की बात कही। उक्त व्यक्ति कहने पर महिला उसके साथ स्कूटी में बैठकर जा रही थी, तभी कुछ दूरी पर जाकर उक्त व्यक्ति ने स्कूटी को रोक दिया, जिस पर प्रार्थिया उतर गई, इसी दौरान आरोपी महिला के गले से मंगलसूत्र करीब 6 ग्राम कीमत 19500 रुपए को छीन कर ग्राम पाली की ओर भाग गया। पुलिस ने प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 304(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# सड़क हादसे में पिकअप सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़े टेमरी-झगरेनडीह रोड पर एक भीषण सड़क हादसे में पिकअप सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना 15 नवंबर की रात करीब 11:30 बजे की है, जब विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने पिकअप वाहन को साइड से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में पिकअप में सवार छाता महुआ निवासी जनक सिदार (32) की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे में शामिल ट्रैक्टर ग्राम बिजेपुर का बताया जा रहा है। वहीं ट्रैक्टर चालक का नाम देवराज प्रधान बताया जा रहा है। जबकि उक्त ट्रैक्टर मनोज बरिहा का होना बताया जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि ट्रैक्टर न केवल बिना नंबर प्लेट के चल रहा था, बल्कि उसका बीमा भी नहीं था। यह लापरवाही जानलेवा साबित हुई और एक निर्दोष युवक की जान चली गई। सांकरा पुलिस ने घटना के बाद कार्रवाई करते हुए भारतीय न्याय



संहिता की धारा 281, 125 (ए) और 106 (1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि, ट्रैक्टर के मालिक को अब तक अज्ञात बताया गया है। पुलिस अब प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय जानकारी के आधार पर आरोपी का पता लगाने में जुटी है। इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में गहरा शोक है। जनक सिदार अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। इस घटना ने न केवल उनके परिवार को, बल्कि पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना एक बार फिर से सड़क पर बिना नंबर और बिना बीमा के चल रहे वाहनों की अनदेखी को उजागर करती है। प्रशासन और ट्रैफिक विभाग की लापरवाही के कारण ऐसी दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। स्थानीय लोग प्रशासन से ऐसे वाहनों पर तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



### ठंड से बढ़ने से जला रहे अलाव

**महासमुंद।** ठंड का मौसम दो दिन से बढ़ गया है। इस ठंड मौसम में न्यूज पेपर वितरण करने वाले हॉकरों ने रात्रि 4 बजे लकड़ी का अलाव जलाया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि ठंड से बचने दो दिन से लकड़ी का अलाव जलाया जा रहा है। जिससे न्यूज पेपर वितरण करने वाले हाकरों को ठंड से कुछ राहत मिल रही है।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9981131365, 9098324969**



## पैरामेडिकल/नर्सिंग/स्वास्थ्य कर्मचारी में प्रवेश हेतु आवेदन सूचना (2024-25)

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

छ.ग. के विभिन्न प्राइवेट चिकित्सालयों में पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी एवं हॉस्पिटल प्रबंधन कर्मी की पूर्ति हेतु संस्थान एक एवं दो वर्षीय राष्ट्रीय कौशल विकास द्वारा संचालित कोर्स के अंतर्गत में कक्षा 12वीं (पास/फेल कोई भी विषय से हो) छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों (रायपुर धमतरी, बिलासपुर, सरायपाली, जांजगीर) के केन्द्रों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित।

**केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटे**

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | ईएमटी/ MPHW | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** **1.** आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे। साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) **2.** चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। **3.** केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। **4.** 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। **5.** किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/12/2024 तक**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 05/01/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

**प्रति,**

**संचालक**

**शाखा प्रबंधक** NSDC/SDMS **केंद्र क्रमांक 86549**

**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**

**पिनकोड- 492013**

महोदय____________________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।

आवेदक का नाम____________________

पिता/पति________________ जन्म तिथि__________

वर्ग अनुज जाति__________अनु जाति__________ अन्य पि. वर्ग__________

सामान्य__________पत्र व्यवहार का पता____________________

____________________ पिन कोड__________

मो. नं.________________बाट्सअप नं________________

पालक का मो. न________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग________________

में प्राप्त अंक__________ कुल प्रतिशत__________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.__________

हस्ताक्षकर________________ पालक का हस्ताक्षर________________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**





## खबर संक्षेप

### प्रायोगिक पंजीयन 25 तक

**धमतरी।** महाविद्यालय में पंजीकृत स्वाध्यायी (प्राइवेट) परीक्षार्थियों जिन्होंने प्रायोगिक विषय का चयन किया है, वे महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपना प्रायोगिक पंजीयन 25 नवम्बर तक करा लें। पंजीयन नहीं कराने की स्थिति में प्रायोगिक परीक्षा से वंचित होने की जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

### मशरूम उत्पादन का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन और वेजिटेबल नर्सरी मैनेजमेंट एण्ड कल्टीवेशन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 साल तक की आयु के इच्छुकों से 25 नवम्बर तक आवेदन मंगाए गए हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी अनीता टुडू ने बताया कि पूरी तरह निःशुल्क एवं आवासीय सुविधा से युक्त इस प्रशिक्षण के लिए ग्रामीण बेरोजगार युवक-युवतियां आवेदन कर सकते हैं।

### आज संगोष्ठी

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. व्हीके पाठक के निर्देशन में 19 नवम्बर को दोपहर 12:30 बजे से महाविद्यालय के नवीन भवन के उपर सेमीनार हॉल में 71 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह समारोह 2024 के तहत महिलाओं, युवाओं और कमजोर वर्ग के लिए सहकारी संगठन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

### बैठक 29 को

**धमतरी।** जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) और समीक्षा समिति की बैठक 29 नवम्बर को होगी। कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक शाम चार बजे और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक शाम 4.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस दौरान पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी बसाहटों के हितग्राहियों के जनधन खाते, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा एवं अटल पेंशन योजनाओं के प्रगति, किसान क्रेडिट कार्ड, आधार सीडिंग, एनआरएलएम, एनयूएलएम की समीक्षा की जाएगी।



# स्नातक की पढ़ाई के बाद खोली चाय की दुकान, कठिनाई के बाद अब सफलता का दौर, रेस्तरां की तर्ज पर स्नैक्स की भी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कॉलेज तक की पढ़ाई के बाद चाय की दुकान खोले जाने की आलोचनाओं के बीच युवा की सफलता का श्रेय राज्य और केंद्र सरकार की योजना को जाता है। महासमुंद ब्लॉक के प्रेमनारायण साहू ने प्रधानमंत्री सृजन योजना का लाभ लेकर इस उद्देश्य को पूरा किया। और राज्य और केंद्र सरकार की योजना की मदद से प्रेम अमृततुल्य' टी शॉप सफलता के साथ चला रहे हैं।

प्रेमनारायण साहू ने बताया कि उन्होंने स्नातक तक पढ़ाई की है, कॉलेज की पढ़ाई के दौरान राजधानी रायपुर में उन्होंने अमृत तुल्य चाय की फ्रैंचाइज़ी के बारे में पता किया। इसके बाद उन्होंने फैसला किया कि अपने शहर में इसकी शुरुआत करेंगे। चाय व्यवसाय में रुचि होने के कारण उन्होंने 'आरोग्य अमृततुल्य' के माध्यम से चाय बनाने की विधिवत ट्रेनिंग ली। लेकिन दुकान खोलने के लिए लगने वाले फंड के अभाव में यह कार्य आत्मविश्वास के साथ नहीं कर पा रहे थे। उनके मित्र ने उन्हें छतीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी दी, उन्होंने खादी ग्रामोद्योग विभाग में जाकर इस योजना के बारे में जानकारी प्राप्त कर ऋण आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ विभाग में जमा किया। उनकी रुचि को देखते हुए बैंक ने उन्हें 3,50,000 रुपए का ऋण स्वीकृत किया। पहले शॉप की शुरुआत सिर्फ चाय बेचने से हुई थी। लेकिन, अब गर्मियों के मौसम के लिए सोडा और खाने-पीने के लिए रेस्तरां की तर्ज़ पर स्नैक्स की भी सुविधा है। प्रेमनारायण बताते हैं कि महासमुंद में ऐसी कोई जगह नहीं थी, जहां युवा महिलाएं आराम से बैठकर चाय का आनंद ले सकें। अमृत तुल्य चाय शॉप ने इस कमी को पूरा किया।

# खल्लारी में महाविद्यालय खोलने की मांग को लेकर हुई बइठका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पर्यटन स्थल खल्लारी में महाविद्यालय की बहुचर्चित मांग को प्रमुखता से उठाने एवं ठोस कारगर रणनीति बनाने को लेकर क्षेत्रवासियों से सहयोग, मार्गदर्शन व सुझाव के लिए खल्लारी स्थित राम जानकी मंदिर में परिसर में बइठका का आयोजन किया गया।

बइठका में पहुंचे क्षेत्रवासियों ने खल्लारी में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज की आवश्यकता पर बल दिया। सभी एक स्वर में शासकीय कालेज खोलने की मांग की। लोगों ने राज्य निर्माण से लेकर अब तक महाविद्यालय के लिए उठा रहे मांग को भी बताया कि कब किसने इस मुद्दे पर क्या-क्या किया है। इस बहुचर्चित मुद्दे की शुरूआत राज्य निर्माण के बाद से ही चल रही है। इसके बावजूद मांग पूरा नहीं होने से क्षेत्रवासी आज ठगा महसूस कर रहे हैं। इस मुद्दे पर राज्य निर्माण के बाद से खल्लारी के प्रथम विधायक से लेकर प्रथम मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, प्रभारी मंत्री, कलेक्टर तक गुहार लगना शुरू हुआ, जो अब के भी विधायक से लेकर मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, प्रभारी मंत्री तक मांग उठ रही है। इस बीच सरकार बदलती रही, लेकिन मांग अधूरी है। अब प्रमुखता से ठोस पहल करने का निर्णय लिया।

तारेश साहू ने बइठका में



उपस्थिति के लिए लोगों आभार जताते हुए कहा कि खल्लारी में महाविद्यालय की मांग पुरानी है। जबकि, विधानसभा व ऐतिहासिक पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध खल्लारी में अब तक कॉलेज खुल जाना था। लेकिन, लगातार उपेक्षाओं के चलते बुनियादी सुविधाओं और विकास से वंचित है। अब खल्लारी में कॉलेज खोले जाने की मांग को प्रमुखता से उठाने, ठोस व कारगर रणनीति की आवश्यकता है। अब मुख्यमंत्री को ग्रामीण, किसान, स्कूली बच्चे समेत क्षेत्रवासियों की ओर से भारी संख्या में पोस्ट से पत्र भेज कर मांग रखने की जरूरत है। साथ ही खल्लारी क्षेत्र के सैंकड़ों गांवों में हस्ताक्षर अभियान भी चलेगा। इसके बाद भी शासन-प्रशासन से कहीं उम्मीद नहीं दिखी तो स्थानीय एवं क्षेत्रीय लोगों का एक प्रतिनिधि टीम बनाकर जिला कलेक्टर महासमुंद व मुख्यमंत्री कार्यालय रायपुर तक पदयात्रा कर महाविद्यालय खुलवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बइठका में हस्ताक्षर अभियान और मुख्यमंत्री कार्यालय रायपुर तक पदयात्रा के लिए लोगों ने सहमति दी। इस दौरान मुहिम की शुरूवात के लिए 111 नग पोस्ट कार्ड का वितरण भी बइठका के माध्यम से किया गया। बइठका को मोहित चंद्राकर, कैलाश चन्द्राकार, रमेश तिवारी, रामलाल सिन्हा, जय प्रकाश साहू, मुकुंद सिन्हा, मनहरण गुप्ता, मिल्लुराम साहू, मिलन यदु, उमेश साहू, रामचरण बिसहत यादव, भीमराज साहू, कुबेर यदु, अनुसुईया साहू आदि ने भी अपने-अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन निजाम कन्हारपुरीया ने किया। इस मौके पर राहुल बंछोर, रमेश तिवारी तुकेंद्र सिन्हा, मिल्लुराम साहू, रमेश ठाकुर, ईश्वर दीवान, कबीर साहू, नीलकंठ यादव, कृपाराम साहू, रेशम चक्रधारी, रोहित यादव, पवन पटेल, नईम मुद्दीन कुरैशी, लच्छूराम भारद्वाज, इंद्रकुमार चौहान, भेखलाल पटेल, भजनसिंह ठाकुर, वार्धेराम साहू, देवचरण कुलदीप, रूपचंद साहू, चतुरसिंह ध्रुव, अवध साहू, लूलकरण साहू, हेमलाल साहू, मोहन साहू, देवेंद्र कुमार दीवान, विनोद भारद्वाज, सोहन दीवान, सोनऊ यादव, हकीम अहमद, ढम्मन ध्रुव, जितेंद्र सेन, सियाराम चौहान, सोनसाय दीवान, लुकेश्वर साहू, असवंत चौहान, प्रमोद पटेल, सागर सूर्यवंशी, नरेंद्र यादव, मिथलेश यादव, सोमनाथ वैष्णव, श्रवण कुमार सिन्हा व सरोज साहू, बिमला यादव, घसनीन कमार, ओमकुमारी साहू आदि मौजूद रहे।

### बइठका कार्यक्रम में वरिष्ठजनों का सम्मान

खल्लारी में शासकीय महाविद्यालय खुलवाने के लिए बहुचर्चित मांग पर आयोजित बइठका कार्यक्रम के दौरान स्थानीय सहित क्षेत्र के वरिष्ठजनों में मोहित चंद्राकर (सोरम-सिंघी), कैलाश चंद्राकर (खल्लारी), कार्तिक पटेल (बीकेबाहरा), बैसाखू चक्रधारी (खल्लारी), जीवराखन दीवान (कन्हारपुरी), सतबती साहू (खल्लारी), निजाम दीवान (कन्हारपुरी) का छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र व शॉल भेंट कर सम्मान किया गया।

# दुकान संचालक ने सड़क पर फेंका कचरा, सीएमओ ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोमवार को शहर के एक पान ठेला

**1 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई कर दी समझाइश, दोबारा फेंकने पर होगी कड़ी कार्रवाई**

संचालक को अपने दुकान का कचरा सड़क पर फेंकना महंगा पड़ गया। सीएमओ ने पहले संचालक को जमकर फटकार लगाई फिर उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की। दरअसल, सोमवार को पालिका सीएमओ विजय पांडेय स्वास्थ्य शाखा कर्मियों के साथ रोज की तरह शहर के मुख्य मार्ग समेत वार्डों में साफ-सफाई व्यवस्था देखने निकले थे। इसी दौरान नेहरू नेहरू चौक स्थित एक पान ठेला संचालक अपनी दुकान के कचरे को डस्टबीन में डालने की बजाय सड़क एवं नाली में फेंक रहे थे। जिस पर सीएमओ पांडेय की नजर पड़ गई। दुकान पहुंच पहले तो उन्होंने संचालक को जमकर फटकार लगाई। फिर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई कर दी। सीएमओ विजय पांडेय ने उक्त संचालक को चेतावनी देते हुए कहा दोबारा सड़क या नाली पर कचरा मत फेंकना नहीं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने देखा कि अधिकांश दुकानदार दुकान से निकलने वाला कचरा बाहर या फिर नालियों फेंका जाता है। उन्होंने अधिकारियों को ऐसे दुकानदारों पर नजर रखने के साथ ही उनसे जुर्माना वसूल करने के निर्देश दिए।

### सीएमओ ने स्वच्छता प्रभारी को सफाई व्यवस्था में सुधार के दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान सीएमओ विजय पांडेय ने स्वच्छता प्रभारी को साफ-सफाई व्यवस्था को सुधार कर और बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, होटल व दुकान से निकलने वाले अपशिष्ट प्रबंधन एवं गीले-सूखे कचरे को नगर पालिका के वाहनों में दिया जाए। अन्यथा नगर पालिका अधिनियम की धारा प्रावधानों के तहत नियमानुसार जुर्माना वसूला जाएगा। इसकी जिम्मेदारी दुकान संचालक की होगी। निरीक्षण के कार्यापालन अभियंता एस डी शर्मा, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक दिलीप चंद्राकर, सुरेश प्रसाद तिवारी मौजूद रहे।

# अवैध शराब की बिक्री कर रही महिला पकड़ाई

**धमतरी।** पुलिस ने देवारपारा में दबिश देकर अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रही महिला पर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार कोतवाली पुलिस को मुखबिर से स्टेशनपारा के देवारपारा में एक महिला द्वारा अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री किये जाने की सूचना मिली।

■ **कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई**

पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच रेड की कार्रवाई की। इस दौरान सुमन ध्रुव पति अजीत उम्र 22 वर्ष स्टेनशनपारा देवारपारा निवासी बस्ती में अवैध रूप से शराब की बिक्री करते मिली। पुलिस आरोपिया को पकड़ उसके कब्जे से 18 पौवा मसाला शराब कीमत 1980 रूपये व बिक्री रकम 120 रूपये कुल 21 सौ रूपये को जब्त किया। पुलिस ने सुमन ध्रुव के खिलाफ आबकारी एक्ट 34(1)(ख) के तहत कार्रवाई की है।



# कबड्डी स्पर्धा आयोजित कर खेल को सहेजने का प्रयास : राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम अचानकपुर में पहली बार हमर अचानकपुर खेल कबड्डी समिति के तत्वावधान में आयोजित कबड्डी स्पर्धा में रविवार को बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग शामिल हुई। आगमन पर श्रीमती महिलांग का आयोजन समिति ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष महिलांग ने कहा कि विलुप्त हो रही कबड्डी जैसे खेल को आज जीवित रखने की आवश्यकता है। गांव के कबड्डी खेल प्रेमियों और युवाओं द्वारा इस खेल को सहेजने के लिए स्पर्धा आयोजित किया जा रहा है, जो सराहनीय कार्य है। आयोजित



कबड्डी स्पर्धा में शामिल होने के लिए सभी टीम को उन्होंने बधाई दी और सभी को खेल भावना से खेलने का आव्हान किया। इस दौरान आयोजित स्पर्धा में शामिल सरपंच मीरा ऋषि चौधरी, नरसिंग चौधरी, मनीराम पटेल, हीराधर निषाद, अर्जुन पटेल, राम पटेल, मान सिंह दीवान, रोहित सेन, सियाराम पटेल, समार नेताम, राम सिंह ध्रुव, मनोहर पटेल, मुकेश, रमेश समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी और आयोजन समिति के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# सभ्य समाज और बेहतर कल के लिए नशे से दूर रहे युवा : देवराज

## चिरको में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का अ.भा. हिंदू महासभा जिलाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम चिरको (पटेवा) में जय बैगा बुढ़ादेव कबड्डी संघ चिरको के बैनर तले आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ अखिल भारत हिंदु महासभा छग युवा इकाई जिलाध्यक्ष देवराज बघेल (कैलाश) ने फीता काटकर व मां शक्ति की पूजा कर की। शुभारंभ पूर्व ग्रामीणों व आयोजन समिति के सदस्यों ने बघेल का बाजे-गाजे के साथ स्वागत करते हुए मंच तक लाया। साथ ही सिमति पदाधिकारियों व माताओं-बहनों ने पुष्पमाला से उनका स्वागत किया।

बघेल ने कहा कि युवा पीढ़ी नशे से बचकर शिक्षा, खेलकूद, कौशल विकास में ध्यान केंद्रित करें,



यह उत्साह केवल आयोजन तक ही सीमित न हो इसका विस्तार गांव के विकास में भी हो तभी हम आदर्श गांव की परिकल्पना को साकार कर पाएंगे। ग्राम पंचायत चिरको में ग्रामवासियों के आमंत्रण पर पहुंचे बघेल का ने कहा कि यहां के युवाओं की भूमिका समाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी रही है। यही कारण है कि चिरको ग्राम पंचायत पूरे विधानसभा में अपनी अलग पहचान बनाती है। उन्होंने गांव-गांव में बढ़ती नशाखोरी एवं अपराध पर चिंता जताते हुए युवा वर्ग को इससे बचने की सलाह देते हुए कहा कि सभ्य समाज के निर्माण के लिए युवा वर्ग को नशे से दूर रहने की आवश्यकता है। तभी हम बेहतर कल का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर अखिल भारत हिंदु महासभा बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार मोंगरे, सरपंच हरिराम पटेल, जनपद सदस्य दामिनी तुलसीराम साहू, रूमेकेल सरपंच पवन ध्रुव, बनपचरी सरपंच अभय लाल कुंभकार, उपसरपंच चिरको श्रीमती लीला तोकेश्वर पटेल, तेंदुवाही सरपंच टीकाराम (पप्पू) पटेल बतौर विशेष अतिथि मौजूद थे। इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारी गण सहित बड़ी संख्या में कबड्डी खिलाड़ी व ग्रामीण महिला-पुरुष, युवा, बच्चे उपस्थित रहे।

**टोकन समस्या बरकरार, सर्वर समस्या से किसान परेशान**

# तीन दिन बाद खुले केंद्र तो धान बेचने उमड़ पड़े अन्नदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

धान खरीदी केंद्र खुलते ही किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। पहले दिन की खरीदी से डेढ़ गुना ज्यादा किसानों ने धान बेचा। दूसरे दिन की खरीदी में किसानों ने सवा लाख क्विंटल से ज्यादा धान बेचा है। उधर अभी भी किसान टोकन के लिए परेशान हैं। सर्वर डाउन होने के कारण सोमवार को भी टोकन नहीं कट पाया।

शुरूआत में सिर्फ एक ही दिन धान खरीदी हुई। इसके बाद तीन दिन छुट्टी होने के कारण खरीदी बंद रही। सोमवार से खरीदी फिर शुरू हुई। इस दिन बड़ी संख्या में किसानों ने टोकन कटवाया था। सभी खरीदी केंद्र में पूरी क्षमता के साथ धान खरीदी की गई। खरीदी केंद्रों में भी शाम तक खरीदी निबटा ली गई थी। खरीदी के पहले दिन 1848 किसानों ने धान बेचा था, जबकि दूसरे दिन 2949 किसानों ने धान बेचा। पहले दिन 65 हजार 548 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। दूसरे दिन दोगुना ज्यादा 1 लाख 27 हजार 904 क्विंटल धान की खरीदी हुई। अब तक कुल 1 लाख 93 हजार 452 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, जिसके एवज में किसानों को 44 करोड़ 66 लाख 6 हजार 112 रूपए का भुगतान किया गया है।



### धमतरी में बरसा धान, नगरी भी दे रहा टक्कर

अब तक की खरीदी की स्थिति देखें तो सर्वाधिक धान की खरीदी धमतरी शाखा के खरीदी केंद्रों में 32 हजार 113 क्विंटल हुई है। यहां पर 795 किसानों ने धान बेचा है। नगरी शाखा दूसरे नम्बर पर है जहां पर 648 किसानों से 28 हजार 391 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। कोर्रा और कुरूद शाखा तीसरे नम्बर पर हैं, जहां पर क्रमशः 19 हजार 422 और 20 हजार 352 क्विंटल धान की खरीदी हुई है।

### खरीदी केंद्रों में 3 दिसंबर तक टोकन फुल

टोकन शत- प्रतिशत ऑनलाइन करने से किसानों की समस्या बढ़ गई है। सर्वरडाउन होने के कारण किसान टोकन नहीं ले पा रहे हैं। किसी के मोबाइल में एप ही नहीं खुल रहा है तो किसी के मोबाइल में एरर बता रहा है। किसानों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से टोकन के लिए एप नहीं खुल रहा है। टोकन ऑफिस टाइम में ही कटता है। रविवार को छुट्टी का दिन होने के बाद भी 1 घंटे के लिए एप खुला। जिन किसानों को जानकारी लगी उन्होंने तत्काल ही टोकन ले लिया। बड़ी संख्या में किसान लगातार टोकन के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्हें एप खुलने की जानकारी नहीं लगी। अब लगभग सभी खरीदी केंद्रों में 3 दिसंबर तक टोकन फुल हो गया है। इसके आगे की तारीख एप में नहीं आ रही है।

**लालबगीचा, शीतलापारा के उपभोक्ताओं को दो से लेकर आठ हजार तक थमाया बिल**

# भारी-भरकम बिजली बिल के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में अनाप-शनाप बिजली बिल थमाए जाने के खिलाफ उपभोक्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर और पार्षद सूरज गहरवाल की अगुवाई में लालबगीचा, शीतलापारा वार्ड के दर्जनों बीपीएल परिवार की महिलाओं ने पाम्पलेट और बिजली बिल लहराकर शासन प्रशासन के विरोध में नारे लगाए। मौके पर ज्ञापन लेने पहुंचे विद्युत विभाग के डीई श्री सोनी ने बिजली बिल की जांच करने का आश्वासन दिया।

नवंबर माह में सुरक्षा निधि के साथ थमाए गए बिजली बिल ने गरीब परिवारों को चिंता में डाल दिया है। वर्तमान में बिजली विभाग हर घर में नये मीटर लगा रहा है।




राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के विस अध्यक्ष हितेश गंगवीर, शीतलापारा वार्ड पार्षद सूरज गहरवाल, ईश्वर सोनकर ने कहा कि स्मार्ट मीटर योजना का उनका संगठन विरोध करता है।

जबसे स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है तब से अनाप शनाब बिजली बिल लोगों को थमाया जा रहा है। 500 से 600 रुपए बिजली बिल जमा करने वालों को 5 से 6 हजार का बिल मिलने से वे सकते में आ गए हैं।

### बिजली बिल की चेकिंग राहत कुछ भी नहीं

कांग्रेस विस अध्यक्ष हितेश गंगवीर ने बताया कि कलेक्टोरेट में प्रदर्शन के दौरान विद्युत विभाग के डीई श्री सोनी ने बिजली बिल का चेक कराने विद्युत विभाग बुलाया। विद्युत विभाग जाने पर बिजली बिल की जांच की गई। जांच में 12 महीने के कुल बिजली बिल को जोड़कर एक माह का एवरेज बिल निकाला गया। इस माह के बिजली बिल में दो माह एवरेज बिल सुरक्षा निधि के रूप में लिया गया है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग ने अपना तर्क देकर गरीब उपभोक्ताओं को गुमराह कर दिया।

## खबर संक्षेप



### पार्षद ने किया विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अनेक निर्माण कार्य किया जा रहा है। पार्षद धर्मेंद्र यादव ने वार्ड नं 09 हमर क्लिनिक उप स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसी तरह वार्ड नं 03 में मल्टी स्पेशल भाठापारा रामसागर तालाब के नीचे सियान क्लब के पास पुलिया निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने व गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए।

### सराईपाली सहकारी समिति के अध्यक्ष बने देवेंद्र



**महासमुंद।** सहकारी समिति मर्यादित सराईपाली पंजीयन क्रमांक 853 (झलप) में अध्यक्ष देवेंद्र राय की नियुक्ति हुई है। देवेंद्र राय ग्राम बरभाठा से है। देवेंद्र की नियुक्ति पर सहकारी समिति सरायपाली में आने वाले समस्त ग्राम के किसानों व ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।



### जनजातीय हितों में कार्य करने वाले हुए सम्मानित

**महासमुंद।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयंती के अवसर पर रायपुर में अंतरराज्यीय जनजातीय लोक महोत्सव में महासमुंद जिले के जनजातीय हितों में कार्य करने वाले स्वयं सेवी संस्था अथवा व्यक्ति सम्मान की श्रेणी में शिक्षा क्षेत्र से महेश कुमार ध्रुव व्याख्याता बड़गांव, महिला नशामुक्ति केंद्र से डॉक्टर महिमा सिंह ठाकुर महासमुंद, सांस्कृतिक लोक मंच से विनोद कुमार दीवान बागबाहरा, अन्य क्षेत्र में तुलाराम नेटी, जयदेव भोई, किशन नागरकर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम द्वारा शाल, गमछा तथा श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में लगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर

**महासमुंद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 22 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ महासमुंद, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से यह कार्यक्रम हुआ। शिविर में मानसिक तनाव को कम करने के लिए टिप्स दिए गए। कैंप में आए मरीजों और परिजनों का काउंसलिंग भी कराया गया। मरीजों का उचित देखभाल, सामान्य व्यवहार करने, दोस्ताना व्यवहार करने प्रेरित किया। शिविर डॉ बीबी कोसरिया बीएमओ पिथौरा, डॉ चित्रेस डडसेना, जयकांत विश्वकर्मा बीपीएम, जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे, गौतम यादव आदि का सहयोग रहा।

### आयोजन: खेल प्रतियोगिताएं भी हुई, विजेता हुए पुरस्कृत

# केंद्रीय विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में 14 नवंबर को बाल दिवस बहुत धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन प्रार्थना सभा से हुआ। प्राचार्य संजय कंसल, वरिष्ठ शिक्षक सुरेश कुमार सिंह और प्रधानाध्यापिका श्रीकांता एक्का ने मां सरस्वती की पूजन अर्चन और पंडित जवाहरलाल लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धा पुष्प अर्पित कर किए। कक्षा नवमी ब की छात्रा जाह्नवी निषाद ने अपने भाषण में बाल दिवस कार्यक्रम कब से शुरू हुआ और क्यों मनाए जाते है इस पर विचार व्यक्त किए। बालवाटिका की छात्रा ओजस्वी पटेल ने अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किए। बाल वाटिका के छात्र-छात्राओं ने बहुत ही मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। प्राथमिक विभाग की शिक्षिका मोनिका ने बाल दिवस पर अपना विचार व्यक्त किए। प्रधानाध्यापिका एक्का ने बालदिवस पर बच्चों को शुभकामनाएं दिए और बालदिवस को उत्साह पूर्वक मनाने के लिए प्रोत्साहित किए। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बच्चों को बालदिवस की शुभकामना देते हुए बाल दिवस मनाने के उद्देश्य के बारे में बताए। साथ ही विद्यार्थी और शिक्षकों के संबंध किस तरह होता है इस पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन दशरथ राम यादव शिक्षक ने किया। खेल शिक्षक सोहनलाल साहू और भारती के निर्देशन में विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिताए भी हुई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिए। खेल प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में तुलसीराम चंद्राकर, घनश्याम साहू, विवेक शर्मा, गजाधर मिश्रा, भूमिका पराशर, मनीषा, आर्यन, वंदिनी जौहरी, हुलसी साहू, जी के निर्मलकर, ईश्वर नायक, अभिषेक साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



प्राथमिक विभाग द्वारा भी बहुत से कार्यक्रम हुए। जिसमें फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहा। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा बालवाटिका में प्रथम नैतिक हरबंश, द्वितीय जीवेश ध्रुर्वे, तृतीय स्थान भाव्या ठाकुर, कक्षा पहली में प्रथम स्थान हेमा, द्वितीय स्थान पारुल, तृतीय स्थान अविका शर्मा, कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान शौर्य शिंदे, द्वितीय मोक्षिका ध्रुव, तृतीय स्थान स्वजय, कक्षा तीसरी में प्रथम स्थान अराध्या साहू, द्वितीय स्थान आरवी यादव, तृतीय स्थान तानी भारद्वाज, कक्षा चौथी में प्रथम कल्प चंद्राकर, द्वितीय मोक्षिता वर्मा, तृतीय दक्ष चंद्राकर, कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान रुनमई, द्वितीय स्थान कुमुद चंद्राकर, तृतीय स्थान श्रुति चंद्राकर ने प्राप्त किया। प्राथमिक विभाग के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने में गुलाब आवडे, नीलमाधव सिंह, प्रताप सोनी, सूर्य कुमार साहू, प्रवीण कुमार साहू, धर्मेंद्र कुमार पटेल, संगीत शिक्षक प्रभात देवांगन, विजेता, सोनिया, मोनिका, बालवाटिका शिक्षक नागेश्वर साहू और शिक्षिका प्रकृति का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्राथमिक विभाग का कार्यक्रम प्रधानाध्यापिका श्रीकान्ता एक्का के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश चंद्राकर शिक्षक ने किया।

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाय के कर्मचारी 11 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे

**महासमुंद।** नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले छत्तीसगढ़ के 184 नगरीय निकायों के कर्मचारी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 11 दिसंबर 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। कर्मचारियों की मुख्य मांगों में निकाय के कर्मचारियों को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान करने, ओल्ड पेंशन योजना लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने, कर्मचारियों को पदोन्नति करने, छठवें व सातवें वेतनमान की एरियर राशि प्रदान करने, ठेका पद्धति समाप्त करने संबंधी मांग शामिल है। संघ के प्रवक्ता ने बताया है कि 12 नवंबर 2024 से 14 नवंबर 2024 तक बिलासपुर में 6 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल किया जा चुका है। किंतु, शासन द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया है कि 6 सूत्रीय मांगों पर शासन द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं किया जा रहा है। सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। नगरीय निकाय के कर्मचारी आगामी नगरीय निकाय चुनाव में कर्मचारी वा परिवार के सदस्य मतदान में भाग नहीं लेंगे, इस संबंध में कर्मचारियों से निकाय चुनाव मतदान में भाग नहीं लेने संबंधी प्रपत्र भरवाकर जिला कलेक्टर बिलासपुर व विभागीय मंत्री नगरीय प्रशासन को पत्र प्रेषित किया गया है। प्रांतीय अध्यक्ष ने बताया है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ के कई नगरीय निकायों में 01 से 03 माह का वेतन भुगतान लंबित है। इसी संबंध में विभागीय मंत्री अरुण साव द्वारा नगरीय निकाय के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि नगरीय निकायों के कर्मचारियों को 1 तारीख को वेतन भुगतान किया जाना अनिवार्य है। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में 1 तारीख को वेतन भुगतान किए जाने के लिए आदेश भी जारी किया गया है। किंतु, निकायों के अधिकारी आदेश का पालन सुनिश्चित नहीं कर रहे हैं। शासन द्वारा मांगे पूरी नहीं किए जाने के कारण 184 नगरीय निकाय कर्मचारी 11 दिसंबर 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।



### स्कूलों में छात्र-छात्राओं को मिलेगा पोषण से भरपूर मिलेट बार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत महासमुंद जिले के सभी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पूरक पोषण के रूप में मिलेट बार, प्रोटीन बार, सोया-पीनेट चिक्की, और मोरेंगा बार वितरित करने की अनुमति दी है। इस योजना के तहत शिक्षा सत्र 2024-25 के दौरान दिसंबर 2024 से अप्रैल 2025 तक, सप्ताह में तीन दिन कुल 51 दिनों तक यह पोषण आहार वितरित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस योजना के माध्यम से जिले के 1310 प्राथमिक शालाओं के 68,680 छात्र-छात्राओं और 512 पूर्व माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड को इन पोषक आहारों की आपूर्ति के लिए अधिकृत एजेंसी नियुक्त किया गया है। छात्र-छात्राओं को 20 ग्राम का मिलेट बार, प्रोटीन बार, सोया-पीनेट चिक्की, या मोरेंगा बार प्रदान किया जाएगा, जो उनके पोषण स्तर को बेहतर बनाने तथा शारीरिक और मानसिक विकास के लिए लाभदायक होगा।

### बागबाहरा में अंकित ने किया पंच प्यारों का स्वागत



**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता व समाजसेवी अंकित बागबाहरा ने बताया कि गुरु नानक देव की जयंती पर्व पर निकले सिख समाज के भव्य जुलूस का स्वागत किया। सर्वप्रथम पंच प्यारों को पुष्प माला पहना कर निशान साहब के धारण किए व गुरु ग्रंथ साहिब में भी पुष्प अर्पण किए। साथ ही समाजजनों को जलपान भी करवाया। इस अवसर पर रिहान कोहली, बजरंगी यादव, पंकज शर्मा, लिलेश्वर सिन्हा, चंदन सलूजा, वारिस खान, बलराम ध्रुव आदि समाज जन उपस्थित रहे।

### उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत सर्वे और सत्यापन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत जिले में शत-प्रतिशत साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण महासमुंद विनय कुमार लंगेह ने शून्य असाक्षर वाले ग्राम पंचायतों का सूक्ष्म नियोजन सर्वे कराने के निर्देश जारी किए हैं। राज्य साक्षरता मिशन छत्तीसगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार 95 प्रतिशत साक्षरता वाले ग्राम पंचायतों को पूर्ण साक्षर पंचायत घोषित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके तहत जिले के बागबाहरा में 9, बसना में 45, पिथौरा में 10, महासमुंद में 13, और सरायपाली में 6 ग्राम पंचायतों में सर्वे किया गया।

सर्वे में पाया गया कि इन 83 ग्राम पंचायतों में 15 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्ति साक्षर हैं। कलेक्टर लंगेह के निर्देश पर सर्वे जांच हेतु वार्डवार सत्यापन समिति का गठन किया गया है। समिति में विभिन्न सदस्यों की नियुक्ति की गई है, जिनमें वार्ड पंच/पार्षद, ग्राम शिक्षक/प्रभारी, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, और स्वयंसेवी शिक्षक शामिल हैं। समिति प्रत्येक वार्ड के परिवारों का सत्यापन कर रिपोर्ट ग्राम प्रभारी शिक्षक को सौंपेगी। इसके बाद, सरपंच द्वारा प्रमाणीकरण कर रिपोर्ट ग्राम पंचायत प्रभारी को प्रस्तुत की जाएगी। इसके अतिरिक्त, पंचायत संकुल और विकासखंड स्तर पर गठित समिति द्वारा 2 प्रतिशत वार्डों का सत्यापन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन अध्यक्ष ने अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति का नाम सर्वे में छूट गया हो, तो वह अपने ग्राम के प्राथमिक विद्यालय या उल्लास साक्षरता केंद्र में जाकर पंजीकरण करवा सकते हैं।

# वित्त मंत्री ने की अघरिया छात्रावास में ड्रोम के लिए 30 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति द्वारा मां रूद्रेश्वरी मंदिर सिंघोड़ा में 30वां महासभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी रहे। अध्यक्षता भुवनेश्वर पटेल केंद्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय अघरिया समाज ने की।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सोच के साथ-साथ समाज को भी आगे बढ़ाएंगे तो हमारा नाम देश नहीं विदेश में भी रोशन होगा। उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी पदाधिकारी की प्रशंसा की और कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए समस्त पदाधिकारी को आव्हान किया। उद्बोधन में उन्होंने यहूदियों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनसे प्रेरणा लेने के लिए सामाजिक बंधुओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने पर जोर दिया। दुनिया में वही आगे बढ़ रहा है, जिनके पास ज्ञान है। दुनिया में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को सबसे बड़ी ताकत बताया।

**समाज के पदाधिकारियों को गमछा व स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया सम्मानित**

कार्यक्रम में मंचस्थ सभी अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया गया। साथ ही क्षेत्र के विभिन्न पदाधिकारी द्वारा सभी क्षेत्रीय अध्यक्षों, केंद्रीय समिति के पदाधिकारी, क्षेत्रीय संयोजकों को गमछे, स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के क्षेत्रीय पदाधिकारीगण और कार्यकर्ता मौजूद रहे। समाज के द्वारा सरायपाली के लिए ड्रोम की मांग रखी गई जिस पर मंच से वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 30 लाख रुपए देने सहमति जताते हुए पूरा करने का आश्वासन दिया।




### नयापारा में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग और पार्षद माधवी महेंद्र सिक्का ने रविवार को वार्ड 9 में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। कुल 16 लाख की लागत से होने वाले सीसी रोड का निर्माण वार्ड स्थित जगत पान सेंटर से नयापारा उप स्वास्थ्य केंद्र तक किया जाएगा। भूमिपूजन के दौरान पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र सिक्का और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# सोरिद में सेवानिवृत्ति पर प्रधानपाठक को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




महासमुंद विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोरिद में पदस्थ प्रधान पाठक सरिता तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा ससम्मान विदाई दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि प्रधान पाठक सरिता तिवारी रहीं। विशिष्ठ अतिथि पूर्व सहायक संचालक सौरिन चंद्रसेन, प्रमोद तिवारी, सुशील शर्मा, भगतराम साहू, शिक्षक कुबेर साहू, आधी बाई गोलछा स्कूल की शिक्षिका चंचला गुप्ता, पेमेश्वरी साहू, गणेशचंद्र गोहिल, समन्वयक रशीद कुरैशी, सरपंच सेवती धाई ध्रुव रहे। अध्यक्षता हाईस्कूल प्राचार्य धरमसिंग महानंद ने की। प्राचार्य ने सरिता तिवारी का संक्षिप्त परिचय कराया।

08 जनवरी 1985 से सवा प्रारम्भ कर 31 नवंबर 2024 के सेवा कार्यों की जानकारी दी। शिक्षकों ने शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर भाव भावभीनी विदाई दी। वहीं पदोन्नत सहायक ग्रेड 03 पेमेश्वरी साहू का सम्मान व विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन वरिश्ठ शिक्षक सोहनलाल साहू ने किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चंद्राकर, रामधन सबर, भोले गंधर्व, रामपाल चंद्राकर, प्रभू साहू, रूखमणी पाल, महेश साहू, गंगा बाई साहू, जानकी यादव, शिक्षकगण सुखेन द्विवेदी, रामकुमार जांगड़े, भांतनु वर्मा, सोहन साहू, सीएच एलविना, तारकेश्वरी मानिकपुरी, पूजा श्रीवास्तव, नेहा संगतानी, मंजू दीवान, मनीषा नंदेश्वरी, सीमा मानिकपुरी, गायत्री ठाकुर, तारकेश्वर साहू, समीर चौधरी, चेतन सहिस, टेकराम देवांगन, सेवन सेन, दिव्या ध्रुव आदि उपस्थित रहे।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नशामुक्ति कार्य के लिए किया गया सम्मानित

**महासमुंद।** जनजातीय गौरव दिवस-2024 का आयोजन रायपुर के साइंस कॉलेज में किया गया। इस मौके पर महिमा नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के निर्देशिका डॉ. महिमा सिंह ठाकुर को नशामुक्ति के क्षेत्र पर कार्य के लिए सम्मानित किया गया।



### एक दिवसीय नशामुक्ति शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** महिमा नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की निर्देशिका डॉ. महिमा सिंह ठाकुर द्वारा वार्ड नंबर 07 नयापारा महासमुंद में नशामुक्ति के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन 13 नवंबर बुधवार को किया गया। जिसमें वार्ड पार्षद मीना वर्मा के साथ महिलाएं भी उपस्थित रही। शिविर में महिमा सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारे आस-पास जितने भी नशा करने वाले व्यक्ति होंगे, उन्हें नशा छोड़ने प्रेरित करें।

### मरार समाज युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने प्रकाश



**नर्रा।** प्रदेश कोसरिया मरार पटेल समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुनील पटेल व उपाध्यक्ष तेजराम पटेल आदेशानुसार एवं युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रितेश पटेल कोंडागांव, जितेन्द्र पटेल कार्यकारणी अध्यक्ष के अनुशंसा पर कुसमीराज के खाड़ादरहा निवासी प्रकाश पटेल को महासमुंद युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ता है। इस नियुक्ति पर समाज सेवक मनोज पटेल, योगेश पटेल, डोमार पटेल, अमन पटेल, चमन पटेल परमेश्वर पटेल, मीडिया प्रभारी ललित पटेल ने हर्ष जताया है।

### शराब पीने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने लोगों को घर के सामने शराब पीने सुविधा उपलब्ध करा रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि कोलपदर का शौकीलाल ओगरे अपने घर के सामने लोगों को बैठाकर अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।



### एकेडमी में निःशुल्क योगाभ्यास

**महासमुंद।** 18 नवंबर से 22 नवंबर तक सत्यम योग एकेडमी में निःशुल्क योगाभ्यास कराया जा रहा है। इस योगाभ्यास में सभी बीमारियों के लिए विशेष योगासनों को कराया जाता है। जैसे शुगर बीपी थायराइड मोटापा कमर दर्द, घुटना दर्द आदि के लिए। सत्यम योग एकेडमी में प्रशिक्षित और अनुभवी योग ट्रेनरों द्वारा योगाभ्यास कराया जाता है। इस एकेडमी से राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दिया जाता है। साथ ही मसाज थैरेपी के माध्यम से भी उपचार किया जाता है।

### बुजुर्ग दंपति के सूने मकान से लाखों की चोरी

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक युवक ने अपने बड़े पिताजी के सूने मकान से अज्ञात चोर के खिलाफ कैश ढाई लाख सहित तीन लाख रुपए से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## आयोजन: पिथौरा के वन काष्ठागार सभाकक्ष में हुआ कार्यक्रम

# श्रमजीवी पत्रकार संघ का दीपावली मिलन और सम्मान समारोह हुआ






हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की पिथौरा इकाई द्वारा रविवार को वन काष्ठागार सभा कक्ष में दीपावली मिलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विशिष्ट कार्य कर रहे नागरिकों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया। आंचलिक पत्रकारिता की वर्तमान दशा और दिशा पर तथा पत्रकारिता के मार्ग की चुनौतियों पर भी समारोह में गहन चर्चा हुई। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि की आसंदी से बसना के विधायक डा संपत अग्रवाल, विशेष अतिथि के रूप में खल्लारी के विधायक द्वारिकाधीश यादव और सरायपाली की विधायक चातुरी नंद ने समारोह को संबोधित किया। तीनों विधायकों ने सभी पत्रकारों, सम्मानित हुए नागरिकों और समाजसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया। डॉ. सम्पत अग्रवाल ने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार अपने कार्यक्षेत्र में लगातार सक्रिय रहते हैं और समाचार संकलन तथा प्रकाशन के जरिए जनता की समस्याओं को उजागर करते रहते हैं। इससे सरकारों के संज्ञान में आने पर समस्याओं के निराकरण में मदद मिलती है। विधायक डॉ. अग्रवाल ने श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी और संघ के स्थानीय पदाधिकारियों के आग्रह पर पिथौरा में श्रमजीवी पत्रकार संघ के भवन निर्माण के लिए 18 लाख रुपए की सहायता दिलाने की भी घोषणा की।

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने देश में बढ़ रही अलगाववादी भावनाओं पर चिन्ता व्यक्त की। उन्होंने पत्रकारों से आग्रह किया कि वे अपनी लेखनी से राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भावना को और भी अधिक सुदृढ़ बनाने का प्रयास करें। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि पत्रकार आम जनता और शासन -प्रशासन के बीच एक बेहतरीन संवाद संपर्क का काम करते हैं। स्वागत उद्बोधन देते हुए जिलाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी ने दीपावली मिलन व सम्मान समारोह के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। प्रथम सत्र में विशेष अतिथि के रूप में राज्य के वरिष्ठ पत्रकार और बिलासपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान अवस्थी, छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी, वरिष्ठ पत्रकार और दैनिक सम्पादक रामअवतार तिवारी, प्रेस क्लब महासमुंद के अध्यक्ष रत्नेश सोनी, वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार स्वराज्य करुण ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि सहित सभी विशेष अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया जिनमे पत्रकार नीरज गजेंद्र और उत्तरा विदानी, साहित्यकार अशोक शर्मा और बंधु राजेश्वर खरे, दिलीप गुप्ता, पिथौरा के साहित्यकार प्रवीण प्रवाह सहित अनेक लोग शामिल थे। सम्मानित संस्थाओं में शहीद स्मारक समिति पिथौरा और मुक्तिधाम सेवा समिति पिथौरा, प्रभात फेरी समूह, भारत स्काउट गाइड, उत्कृष्ट शिक्षकों, प्रतिभावान बच्चों, शहीद व सेनानी परिवार, पेंशनर संघ के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा के अध्यक्ष करण सिंह दीवान और श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय सचिव मनोज मिश्रा, जिला महामंत्री जनाब खान सहित संघ के अन्य अनेक पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। शिवशंकर पटनायक, व्यापारी एकता मंच अध्यक्ष गोपाल शर्मा, भारत स्कॉउट गाइड के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, विधायक निज सचिव नरेंद्र बोरे, विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल, छबिलाल रात्रे, शीतला समाज अध्यक्ष प्रेम सिन्हा, रायपुर के महेश पालीवाल, शशांक खरे और संजय राजपूत सहित जिले के अनेक पत्रकार और श्रृंखला साहित्य मंच पिथौरा के अनेक सदस्य उपस्थित थे। कस्तूरबा विद्यालय की बालिकाओं ने सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष मनोहर साहू, राजेन्द्र सिन्हा, पवन गुप्ता, ऋषिकेश शुक्ला, नंदकिशोर अग्रवाल, मनराखन ठाकुर, विजय गुप्ता, परमीत सिंह माटा, सुमित अग्रवाल, प्रमोद सिन्हा, सुरेंद्र पांडेय, राजेश बंसल, महेंद्र सोनी, उमाशंकर जलक्षत्री, सोनू सेन सहित संघ के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

### कलमवीर सम्मान से नवाजे गए कलमकार

महासमुंद जिले के पत्रकार जो प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़कर अपनी प्रखरता से जनसरोकार से जुड़े मुद्दे उठाते रहे हैं ऐसे पत्रकारों को कलमवीर सम्मान से नवाजा गया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रेस क्लब अध्यक्ष रत्नेश सोनी, नीरज गजेंद्र, उत्तरा विदानी, आनंद साहू, बाबूलाल साहू, दानवीर शर्मा, आशुतोष शर्मा, अरविंद यादव, जन्मजय सिन्हा, रवि विदानी, मनोहर ठाकुर, संजय यादव, विजय चौहान, ताराचंद पटेल, ललित मुखर्जी, विकास शर्मा, बलराम दीक्षित, कुबेर चरण नायक, सीडी बघेल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, मनहरण सोनवानी, भास्कर राव पंडारे, मनोज मिश्रा, भगवान दास अग्रवाल, सुरेश गुप्ता को कलमवीर सम्मान से नवाजा गया।

# प्रतिभा पब्लिक में धूमधाम से मनाया बाल दिवस, श्रेष्ठ विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में बाल दिवस समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। प्रार्थना सभा का संचालन व्याख्याता जुगल भोई ने किया। दिन का विचार शिक्षक नीलम पाणिग्राही द्वारा जबकि समाचार वाचन जसप्रीत सिंह एवं आदर्श वास द्वारा प्रस्तुत की गई।

दिन का तथ्य शिक्षिका दीपिका मोहंती एवं आशा नायक द्वारा की गई। अनिता चौधरी ने कविता पठन किया। प्रार्थना सभा में चलित वर्ष के लिए श्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार प्रति कक्षा वार शिक्षकों द्वारा चुने गए 27 विद्यार्थियों को दिए गए। जबकि अनुशासन एवं शुद्ध आचरण के लिए छात्र अनिशा पटेल, कक्षा 12वीं विज्ञान को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य नरहरि पटनायक एवं उपप्राचार्य नासिर खान द्वारा चुने गए विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

संपूर्ण शालेय छात्र-छात्राओं के लिए पेन पेंसिल एवं चॉकलेट का वितरण कक्षा शिक्षकों द्वारा की गई। मध्यान्ह को सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत इंटर हाउस डांस प्रतिस्पर्धा शाला प्रांगण में आयोजित की गई थी। जिसमें मुख्य निर्णायक के रूप में नवनीत कौर आहूजा एवं अंजुम बानो रहीं। यह प्रतिस्पर्धा दो स्तर पर आयोजित की गई। कार्यक्रम का आरंभ जगन्नाथ वंदना एवं नृत्य प्रस्तुति के साथ छात्रा आयुषी मिश्रा एवं चारूनी प्रधान द्वारा की गई। माध्यमिक स्तर पर कक्षा छठवीं से आठवीं के अंतर्गत ग्रीन हाउस को प्रथम स्थान तथा ब्लू हाउस को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि उच्चतर माध्यमिक स्तर पर ब्लू हाउस को प्रथम एवं व्हाइट हाउस को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जिन्हें ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। शाला प्रांगण में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का खूब आनंद उठाया। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील महापात्र ने किया।

# शिक्षक रामप्रसाद को मिला कर्मवीर शिक्षक सम्मान



**कोमाखान/नर्रा।** बीते 15 नवंबर को सरस्वती शिशु मंदिर बिलासपुर में गुरु नानक देव जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा पर समाजसेवी संस्था आनंद सागर सेवा प्रवाह समिति बिलासपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कर्मवीर शिक्षक सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन विकासखंड बागबाहरा जिला महासमुंद के शिक्षक रामप्रसाद साहू को कर्मवीर शिक्षक सम्मान से प्रतीक चिन्ह, शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर (छत्तीसगढ़) के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर वाजपेई, अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य भाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार के कुलपति डॉ विनय कुमार पाठक रहे। शिक्षकों का चयन संस्था की अध्यक्ष एवं बाइक राइडिंग में वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ सुषमा पांडे द्वारा किया गया। इसमें राज्य के उन शिक्षकों का चयन किया गया था, जो लिंक से हटकर काम करते हैं। इसलिए इस सम्मान का नाम भी कर्मवीर शिक्षक सम्मान रखा गया है। रामप्रसाद साहू को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा करते हुए नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से अध्यापन कार्य के लिए दिया गया। सम्मान प्राप्त होने पर प्रधान पाठक गोविंद सिंह चक्रधारी, अशोक बरिहा, धनेश्वरी भास्कर, महादेव देवांगन, रिंकल बग्गा, लोकेश साहू आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर द्वारा महासमुंद जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण, कैलिपर्स एवं कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके जीवन में सहूलियत और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। शिविर का आयोजन जिले के तीन प्रमुख स्थानों पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। जिसमें बीआरसी केंद्र महासमुंद में मंगलवार 26 नवंबर 2024 को, ग्राम पंचायत लहरौद पिथौरा में बुधवार 27 नवंबर एवं केंद्रीय विद्यालय सरायपाली में गुरुवार 28 नवंबर को आयोजन किया जाएगा। शिविर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जिसमें यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र (22,500 रुपए से कम मासिक आय या बीपीएल राशन कार्ड), आवासीय प्रमाण पत्र, और तीन पासपोर्ट साइज फोटो शामिल हैं।

# मोटरयान दुर्घटना योजना के क्रियान्वयन

### समन्वयन के लिए अपर कलेक्टर साहू नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) पुलिस मुख्यालय द्वारा जिले में हिट एंड रन केस के प्रकरणों में प्रभावितों को राहत राशि के संबंध में मोटरयान दुर्घटना योजना 2022 की मानक संचालन प्रक्रिया में समय सीमा में पीड़ितों को राहत राशि प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में कलेक्टर एवं दावा निपटारा आयुक्त विनय कुमार लंगेह ने मोटरयान दुर्घटना योजना 2022 के क्रियान्वयन, समन्वय सुनिश्चित करने और मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने नोडल अधिकारी को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार से समन्वय स्थापित कर प्रकारण को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए है।

# 16वें वित्त की बैठक भारत मंडपम नई दिल्ली में, शामिल होंगे नपं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र सरकार द्वारा 16 वें वित्त की बैठक भारत मंडपम नई दिल्ली में 26 नवंबर को आयोजित है। जिसमें देश के सभी राज्यों के नगरीय प्रशासन के जनप्रतिनिधि, निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष शामिल होंगे।

जिसमें छग के 3 नगर निकायों के अध्यक्ष शामिल होंगे। जगदलपुर के महापौर सफिरा साहू, अहिवारा नगर पालिका अध्यक्ष नटवर ताम्रकार व तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर को बैठक में आमंत्रित किया गया है। चंद्राकर ने बताया कि प्रदेश के केवल तीन निकाय में से महासमुंद जिले के नगर पंचायत तुमगांव को बैठक में शामिल होने का अवसर प्रदान किया गया है। जिसमें 16वें वित्त योजना के लिए महत्वपूर्ण सुझाव देंगे। प्रदेश के तीन निकायों में से जिले के तुमगांव नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि को बैठक में आमंत्रित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ शहरी विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों को राष्ट्रीय बैठक में रखेंगे।



नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष का उक्त बैठक के लिए चयन होना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। यह सम्मेलन एसएफसी की संरचनात्मक और परिचालन संबंधी आवश्यकताओं को उजागर करने और उनको संबोधित करने के लिए चयनित निकायों के जनप्रतिनिधियों को अवसर प्रदान करेगा। जिससे एक और मजबूत, उत्तरदायी फ्रेमवर्क विकसित होगा, जो जमीनी स्तर पर सतत विकास में सीधे योगदान कर सकेगा। इस सम्मेलन में विचार-विमर्श समय पर एसएफसी की सिफारिशों की रिपोर्टिंग और कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने, प्रभावी संसाधन आवंटन को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर विकास का समर्थन करने के लिए सभी हितधारकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा।

बैठक में शामिल होने का अवसर प्रदान करने पर चंद्राकर ने कहा कि 16वें वित्त योजनांतर्गत 14वें एवं 15वें वित्त योजनांतर्गत समाहित घटकों को समावेश के साथ-साथ उद्यान निर्माण, तालाबों के संरक्षण एवं मुक्तिधाम उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण कार्य का समावेश करते हुए अनुदान राशि बढ़ाने की मांग की जाएगी।




# कब्रिस्तान में अवैध निर्माण कार्य, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड नं 02 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास मुख्य मार्ग में स्थित कब्रिस्तान में कुछ दिनों से अज्ञात लोगों द्वारा अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जानकारी अनुसार कुछ लोग कब्रिस्तान में अवैध दुकान निर्माण कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसकी जानकारी मिलने पर पार्षद धर्मेंद्र यादव ने नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी खीरसागर नायक से मुलाकात कर कब्रिस्तान हो रहे अवैध निर्माण कार्य को शीघ्र तोड़ने के लिए ज्ञापन सौंपा। धर्मेंद्र ने बताया कि पूर्व में मुस्लिम समुदाय को मृत्यु के पश्चात दफन करने के लिए यह जगह दिया गया, जो कि कब्रिस्तान बना। लेकिन वर्तमान महासमुंद मार्ग के मुख्य रोड से लगा हुआ है। पास में सरकारी अस्पताल भी है, जहां लोगों का आवागमन बना रहता है। जानकारी के अनुसार अज्ञात व्यक्ति द्वारा कब्रिस्तान में व्यवसाय के लिए दुकान निर्माण कराया जा रहा है। जिस पर उचित कार्रवाई की मांग की है।







